मेरा मेरा मत कर पगले

मेरा मेरा मत कर पगले
क्या तेरा क्या मेरा है
दो दिन के सब रिश्ते नाते
दो दिन रेन बसेरा है

जिसकी खातिर आया जग में
वो ही काम तू करके जा
सबके दिलो में जिन्दा रहे तू
ऐसे ही तू मरके जा

इस जग में आकर के बन्दे
यही काम तो तेरा है
दो दिन के सब रिश्ते नाते
दो दिन रैन बसेरा है

जैसा कर्म करेगा बन्दे
वैसा ही फल पायेगा
बुरा पाप करके बन्दे तू
बिलकुल न बच पायेगा

तेरे ऊपर पल पल बन्दे
उस मालिक का पहरा है
दो दिन के सब रिश्ते नाते
दो दिन रैन बसेरा

नाम हरी का रटले
भव से पार उतर जाए
दो दिन रहना है तुझको
फिर तू अपने घर जाए

जिसको समझ रहा तू अपना
तेरा नहीं ये डेरा है
दो दिन के सब रिश्ते नाते
दो दिन रैन बसेरा है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19694/title/mera-mera-mat-kar-pagle

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |